दैनिक
न्याय साक्षी

खबरें खास

महत्वपूर्ण एवं खास

मजदूर महिला को पिकअप ने मारी ठोकर हालत गम्भीर

रायगढ़। कामकाज निपटा कर घर जा रही महिला को पिकअप ने ठोकर मारकर घायल करने का मामला सामने आया है। घटना खरसिया थाना क्षेत्र का है। शुकवारा बाई बंजारे पति अच्छेराम बंजारे उम्र 65 वर्ष तेली कोट निवासी है। महिला के बताए अनुसार वह काम कर घर जा रही थी। इस बीच शाम 6 बजे के आसपास तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने अनियंत्रित रूप से वाहन का चालन करते हुए महिला को ठोकर मार दिया। इससे महिला रोड में दर्द से अचेत अवस्था मे पड़ी थी। जो राहगीरों से मदद भी मांग रही थी। इस बीच अज्ञात व्यक्ति ने दर्द से कराहते व्यक्ति ने महिला की सुध लेते हुए खरसिया सिविल अस्पताल में भर्ती किया है। जहां उसकी हालत के सुधार नहीं आ रही थी जिस पर मेकाहारा रिफर किया गया है।

सनकी युवक ने हाथ की नस काटी अस्पताल भर्ती

रायगढ़। भूपदेवपुर थाना क्षेत्र रहवासी 28 वर्षीय युवक ने हाथ का नस काटकर आत्महत्या करने की कोशिश किया। इस घटना से अत्यधिक रक्त के बह जाने से युवक को गम्भीर हालत में मेकाहारा इलाज के लिए भर्ती किया गया है। गोविंदा चौहान पिता सत्ता चौहान उम्र 28 पचपेड़ा ग्राम का रहवासी है। परिजनों के मुताबिक गोविंद की मानसिक दशा कुछ माह से अस्वथ्य चल रही है। जिसके कारण वह घर मे रहता था। इस बीच बुधवार सुबह लगभग 9 बजे घर के लोग अपने दैनिक दिनचर्या में लगे हुए थे। जहां घर में गोविंद अकेला था। इस बीच वह ब्लेड से खुद के कलाई का नस काट लिया। नस काटने के बाद गोविंद उक्त स्थल पर बेसुध पड़ा था। जिसे उसकी माँ ने कुछ घन्टो के बाद घर आने पर देखा। बेटे के हाथ से रक्त की धार बहते देख उसके होश उड़ गया। चीख पुकार मचाकर आसपास के लोगो को मौके पर बुलाये। जहां निजी वाहन की मदद से मेडिकल कालेज अस्पताल लेकर आए है। बहरहाल समय पर इलाज मिलने से उसकी दशा में सुधार है।

ट्रक ने ठोका मोटरसाइकिल सवार युवक चोटिल

रायगढ़। जिले में सड़क दुर्घटना का सिलसिला थमने का नाम नही ले रहा है। यह क्रम अनवरत चल रहा है जिसमें पुसौर थाना क्षेत्र बड़े भंडार में अज्ञात ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार युवक को ठोकर मारकर चोटिल करने का मामला सामने आया है। अक्षय रजक पिता अजय रजक उम्र 25 वर्ष बड़े भंडार का रहने वाला है। परिजनों के मुताबिक युवक रायगढ़ किसी काम से आ रहा था जहां गांव से चंद दूरी तय किया था इस बीच पीछे से आ रही तेज रफ्तार ट्रक ने अनियंत्रित रूप से वाहन का चालान करते हुए ठोकर मारकर फरार हो गया। इस दुर्घटना को देख स्थानीय लोगो मे वाहन को दौड़ाया परंतु पकड़ने में नाकामयाब रहे बहरहाल युवक को संजीवनी एक्सप्रेस से मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती किया गया है। जहां उसके सिर में गम्भीर चोट आने से उसकी दशा नाजुक बनी हुई है।

बिजली टावर के पास मिला आरक्षक का शव

रायगढ़। 9 जनवरी की दोपहर ग्राम कलमी के कोटवार ओमप्रकाश चौहान ने ग्राम कलमीडीपापारा डोंगामुडा नहर किनारे टावर नीचे एक व्यक्ति का शव मिलने की सूचना दिया। शव पुलिस लाईन में पदस्थ आरक्षक क्रमांक 355 प्रदीप टोप्पो (उम्र 30 साल) निवासी रूपडेगा लैलूंगा का था। थाना कोतरारोड़ पुलिस द्वारा घटना के संबंध में मर्ग क्रमांक 02/19 धारा 174 CrPC पंजीबद्ध कर जांच पंचायतनामा कार्यवाही में लिया गया।

लाइंसेंस और शिविर अनुमोदन नहीं कर्मचारी कर रहे है नापतौल मशीन सत्यापन

बाजार में तौल यंत्रों के सत्यापन के लिए अनुमोदन बगैर ही शिविर का आयोजन कर दिया गया। इसके अलावा शिविर में तौल यंत्रों का सत्यापन कर रहे

रायगढ़। नापतौल विभाग कर्मचारियों द्वारा बैगेर विभागीय अनुमोदन, जांच पड़ताल लाइसेंस निरस्त होने के बावजूद पुसौर मे बाट तराजू सत्यापन शिविर लगा कर लोगों से मनमानी शुल्क लेते हुए जेब भरने का कार्य किया जा रहा है। इस कृत्य को पुसौर बाजार में नापतौल विभाग के कर्मचारियों द्वारा शिविर लगाकर अमलीजामा पहनाया गया। बुधवार को पुसौर के साप्ताहिक सुधारक के पास ना तो अनुमोदन संबंधी कोई विभागीय आदेश की प्रति थी और ना ही लाइसेंस। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सुधारक द्वारा अभी तक विभाग में लाइसेंस के नवीनीकरण हेतु आवेदन ही नहीं किया गया है। पुसौर साप्ताहिक बाजार सत्यापन व सुधारक के रूप कार्यरत महेन्द्र कुमार पाण्डेय मौजूद थे। उनसे शिविर के अनुमोदन संबंधी आदेश की प्रति दिखाने की बात पर उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा पिछले 4 सालों से शिविर के अनुमोदन संबंधी आदेश नहीं दिए जाते।

वे इसी तरह बिना अनुमोदन के आदेश के ही शिविर लगाकर सत्यापन का कार्य करते है। जबकि नियमतरू इस तरह तौल मशीनों के सत्यापन कार्य के शिविर संचालन से पूर्व विभाग स्तर पर अनुमोदन जारी किया जाता है।

पुलिस कन्ट्रोल रूम में आयोजित अपराध समीक्षा बैठक

फिल्ड पर आकर काम करें थाना प्रभारी

रायगढ़। पुलिस अधीक्षक रायगढ़ राजेश कुमार अग्रवाल द्वारा 9 जनवरी को पुलिस कंट्रोल रूम रायगढ़ जिले के सभी राजपत्रित पुलिस अधिकारियों तथा थाना/चौकी प्रभारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई।

पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा थाना/चौकी प्रभारियों को पूर्व में दिये गये एजेण्डा पर कार्य की प्रगति के विषय में एक-एक का जानकारी लिये। लंबित अपराधों, मर्ग, शिकायत के निकाल की स्थिति देखकर एस.पी. महोदय ने अगली मर्तबा अनुविभाग वार एक-एक थाना की अलग-अलग समीक्षा बैठक लेना बताये, साथ ही अवैध कबाड, शराब, जुआ सट्टा पर लगातार अभियान चलाकर कार्यवाही करने तथा वारंट की तामिली, निगरानी/ सस्पेक्टेड बदमाशों की चेंकिग बढाने का निर्देश दिये। एस.पी. सर ने थाना/ चौकी प्रभारियों को निर्देशित किये कि फिल्ड में रहकर स्वयं अपराधों की जांच व कार्यवाही करें। पुलिस अधीक्षक महोदय ने समीक्षा बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों को बोले कि आपके अधिनस्थ प्रत्येक कर्मचारी की व्यक्तिगत अथवा काम को लेकर आने वाली समस्याओं को सुने तथा अपने स्तर पर निराकरण करें यदि निराकरण नहीं होता है तो मुझे अवगत करावें।

पुलिस अधीक्षक महोदय ने सभी अधिकारियों को बताया कि प्रत्येक शुक्रवार को पुलिस अधिकारी/ कर्मचारी अथवा पुलिस परिवार के सदस्यों की समस्याएं, सुझाव के लिये विशेष तौर पर समय निर्धारित किया गया है, कर्मचारी आफिस में आकर मिल सकते हैं अथवा किसी भी समय मुझसे संपर्क कर सकते हैं। एस.पी. महोदय ने थाना/ चौकी प्रभारियों को थाना का रखरखाव बेहतर करने तथा आम जनता से अच्छा व्यवहार करने के निर्देश दिय व पुलिस महानिदेशक महोदय का विजन के अनुरूप रहकर कार्यवाही करने का निर्देश दिये।

एचआईवी पीड़ित महिला की इंजेक्शन लगते ही हो गई मौत

परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप

रायगढ़। बेहतर इलाज की लालसा लेकर आए परिजनों को निराशा का सामना करना पड़ा। मेकाहारा में भर्ती एचआईवी-टीबी पीड़ित महिला ने रात में दर्द निवारक इंजेक्शन लगाने के कुछ देर बाद ही दम तोड़ दिया। महिला की मौत से आक्रोशित परिजनों ने प्रबंधन पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाया है।

महिला पत्थलगांव थाना क्षेत्र की रहने वाली है। वह लम्बे समय से बीमार थी। उसे पूर्व में पीलिया, टीबी व खून की कमी थी जिसका इलाज पहले पत्थलगांव में चल रहा था । दशा के सुधार नहीं होने पर पत्थलगांव अस्पताल से मेकाहारा रिफर किया गया था। मेडिकल कालेज अस्पताल में महिला का इलाज सोमवार से चल रहा था। डॉक्टरों ने ब्लड की जांच कर उसके एचआईवी पॉजीटिव होने की बात कही थी। मंगलवार की रात वह दर्द से कराह रही थी, इस पर महिला की देखरेख कर रहे बेटे ने मौके पर मौजुद नर्स से दर्द निवारक इंजेक्शन लगाने कहा। नर्स के इंजेक्शन लगाने के कुछ देर बाद ही महिला की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों ने मेकाहारा पर लापरवाही का आरोप लगाया है।

सूखा बरगद का पेड़ हादसे को दे रहा न्यौता, विभाग मौन

रायगढ़. शहर के बेलादूला वार्ड क्रमांक 21 के भोले मंदिर के सामने सूखा हुआ बरगद का पेड़ हादसे को न्यौता दे रहा है। यह किसी दिन यदि टूटता है तो सीधे पास से ही गुजरने वाले हाई वोल्टेज बिजली तार पर गिरेगा, जिससे बड़ी अनहोनी होने से भी इंकार नहीं किया जा सका। खास बात यह है कि इस बात की शिकायत कई बार वन विभाग के अधिकारियों को दी जा चुकी है, लेकिन विभाग उदासीन बना हुआ है।

शहर के बेलादुला स्थित इस पेड़ के ठीक सामने भोलेनाथ का भव्य मंदिर है जिसके चलते सुबह शाम श्रद्धालुओं का आना जाना लगा रहता है। साथ ही आसपास के घरों में रहने वाले बच्चे भी इसी जगह पर सुबह शाम खेलने आते है। समस-समय पर जब हवाएं तेजी से चलती थी तब सूखा बरगद का पेड़ हिलने लगता था। कई बार तो पेड़ के कुछ हिस्से गिर भी चुके है।

हालांकि इससे लोगों को कोई क्षति नहीं पहुंची है। वन विभाग की उदासीन रवैय्ये के कारण कभी भी कोई हादसा हो सकता है। बरगद के पेड़ से सटकर 11 हजार वोल्टेज बिजली तार गुजरी है। यदि कभी पेड़ गिरता है तो वो विद्युत तार को भी अपने चपेट में लेगा।

इससे बड़ी अनहोनी भी सकती है।

अबोध बालक को लेकर कुंए में कूदने वाले निर्दयी पिता पर हुई कार्यवाही

रायगढ़। ग्राम भालूपखना पुलिस चौकी रैरूमा में रहने वाला शनिराम मांझी पिता स्व.मुनीराम मांझी उम्र 29 वर्ष की पत्नि अनिता मांझी 1 जनवरी को शानिराम से झगडा कर अपने 05 साल के बच्चे पंकज मांझी को छोड़कर अपने मायके चली गई थी 7 जनवरी को करीब 10 बजे शनिराम मांझी अपने लडका पंकज मांझी को गोदी में लेकर अपने घर के पास के कुंआ में आत्महत्या करने के नियत से कूद गया थोड़ी देर में शनिराम मांझी कुंए से बाहर निकल गया किन्तु बालक पंकज मांझी की कुंए के पानी में डूबने से मौत हो गई। घटना के संबंध में मर्ग जांच उपरांत 8 जनवरी को शनिराम मांझी के विरूद्ध अप.क्र. 02/19 धारा 304,309 IPC पंजीबद्ध कर आरोपी को हिरासत में लिया गया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303
E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईजर श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा अधिकारिक नियुक्तियों की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के मूर्धन्यों पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करवायेगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER SCHOOL
Topper Students Last Session

CAREER SCHOOL
स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996
पिछले 22 वर्षो से लगातार बच्चों के साथ...
ADMISSION OPEN
ENGLISH MEDIUM
For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session

Join CAREER...

Major Facts
1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग
वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....
न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की
खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480